Roll. No. ........................

O.M.R. Serial No. | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

**14**

# B.A. (SEM.-I) EXAMINATION, 2021-22

# HINDI

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **A** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 100**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer any 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. If more than 75 questions are attempted by student, then the first attempted 75 questions will be considered for evaluation. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किन्हीं 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। यदि छात्र द्वारा 75 से अधिक प्रश्नों को हल किया जाता है तो प्रारम्भिक हल किये हुए 75 उत्तरों को ही मूल्यांकन हेतु सम्मिलित किया जाएगा। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. हिन्दी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) गार्सा दा तासी

(C) जॉर्ज ग्रियर्सन

(D) मिश्र बन्धु

2. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' ग्रन्थ का लेखक कौन है ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) रामनरेश त्रिपाठी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

3. 'आधुनिक काल की मीरा' किसे कहा जाता है ?

(A) मीराबाई

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) महादेवी वर्मा

(D) मृदुला गर्ग

4. रीतिसिद्ध काव्यधारा के प्रमुख कवि कौन हैं ?

(A) बिहारी

(B) चिन्तामणि

(C) कुलपति मिश्र

(D) भिखारीदास

5. 'कामायनी' में किस दर्शन की अभिव्यक्ति हुई है ?

(A) अरविन्द दर्शन

(B) शैव दर्शन

(C) वैष्णव दर्शन

(D) प्रत्यभिज्ञा दर्शन

6. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर मिला था ?

(A) कितनी नावों में कितनी बार

(B) बावरा अहेरी

(C) आँगन के पार द्वार

(D) क्योंकि मैं उसे जानता हूँ

7. 'युगधारा' रचना के रचनाकार का नाम बताइए :

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) महादेवी वर्मा

(C) नागार्जुन

(D) निराला

8. 'सरहपा' को हिन्दी का प्रथम कवि किसने माना ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) डॉ नगेन्द्र

(D) राहुल सांकृत्यायन

9. ‘पृथ्वीराजरासो’ का रचयिता किसे माना जाता है ?

(A) चंदबरदाई

(B) स्वयंभू

(C) पुष्पदंत

(D) बीसलदेव

10. रामानन्द किस भक्तिधारा के प्रमुख कवि हैं ?

(A) निर्गुण भक्तिधारा

(B) सगुण भक्तिधारा

(C) कृष्ण भक्तिधारा

(D) इनमें से कोई नहीं

11. ‘अपभ्रंश का वाल्मीकि’ किसे कहा जाता है ?

(A) पुष्पदंत

(B) स्वयंभू

(C) शालिभद्र सूरि

(D) धनपाल

12. रीतिकाल का वह कौन-सा कवि है जो अपनी मात्र एक कृति से हिन्दी साहित्य में अमर हो गया?

(A) रहीम

(B) मतिराम

(C) बिहारी

(D) देव

13. द्विवेदी युग का नामकरण किसके नाम पर हुआ है ?

(A) शांतिप्रिय द्विवेदी

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) राम अवध द्विवेदी

14. ‘एक भारतीय आत्मा’ किसे कहा जाता है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) रामधारी सिंह दिनकर

(D) सुमित्रानन्दन पंत

15. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए दिया जाता है ?

(A) सिनेमा

(B) विज्ञान

(C) समाज सेवा

(D) साहित्य

16. बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे ?

(A) महाराणा प्रताप

(B) शिवाजी

(C) जयसिंह

(D) तेज सिंह

17. रामचरितमानस की भाषा क्या है ?

(A) भोजपुरी

(B) प्राकृत

(C) ब्रजभाषा

(D) अवधी

18. गोरखनाथ के गुरू का नाम है :

(A) नागार्जुन

(B) मत्स्येन्द्र नाथ

(C) सत्यनाथ

(D) भीमनाथ

19. गोरखनाथ की काव्य भाषा है :

(A) अवधी

(B) अपभ्रंश

(C) सधुक्कड़ी

(D) ब्रज

20. ''बहुत कठिन है डगर पनघट की'' का अर्थ है -

(A) ईश्वर प्राप्ति का मार्ग

(B) पानी भरने जाने का मार्ग

(C) भ्रमण का मार्ग

(D) घर जाने का मार्ग

21. अमीर खुसरो के गुरू का नाम है :

(A) अलाउद्‌दीन

(B) रामानन्द

(C) निजामुद्‌दीन

(D) फिरदौस

22. अमीर खुसरो को 'अमीर' का खिताब किसने दिया ?

(A) निजामुद्‌दीन

(B) जलालुद्‌दीन

(C) अलाउद्‌दीन

(D) सैफुद्‌दीन

23. मैथिल कोकिल किसे कहा जाता है ?

(A) लक्ष्मीधर

(B) दामोदर

(C) अमीर खुसरो

(D) विद्यापति

24. सूरदास का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रन्थ कौन-सा है ?

(A) साहित्य लहरी

(B) सूरसागर

(C) सूर सारावली

(D) प्राणप्यारी

25. 'सूरसागर' का सर्वाधिक मार्मिक प्रसंग है :

(A) भ्रमरगीत

(B) कृष्ण की बाल-लीला

(C) राधा-कृष्ण मिलन

(D) सुभद्रा हरण

26. सूरदास किस काल के कवि हैं ?

(A) भक्तिकाल

(B) रीतिकाल

(C) आधुनिक काल

(D) आदिकाल

27. सूरदास ने वात्सल्य का कोना-कोना झाँक लिया है, यह उक्ति किसकी है ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(D) रामचन्द्र शुक्ल

28. सूरदास को 'पुष्टिमार्ग' का जहाज किसने कहा ?

(A) विट्ठलनाथ

(B) रामानुजाचार्य

(C) माध्वाचार्य

(D) बल्लभाचार्य

29. तुलसीजी का जन्म स्थान है :

(A) काशी

(B) प्रयाग

(C) राजापुर

(D) अयोध्या

30. कबीर के गुरू का नाम है :

(A) रामानन्द

(B) बल्लभाचार्य

(C) नरहर्यानन्द

(D) निम्बार्क

31. इनमें से कौन-सा कवि ज्ञानमार्गी शाखा का है ?

(A) कबीरदास

(B) रहीम

(C) तुलसीदास

(D) जायसी

32. कबीर का लालन-पालन किस जुलाहे ने किया ?

(A) वीरू

(B) हीरू

(C) धीरू

(D) नीरू

33. जायसी का जन्म किस सन् में हुआ था ?

(A) सन् 1445 ई.

(B) सन् 1498 ई.

(C) सन् 1496 ई.

(D) सन् 1497 ई.

34. पद्मावत का कथानायक कौन है ?

(A) राघवचेतन

(B) अलाउद्दीन

(C) हीरामन

(D) रत्नसेन

35. पद्मावती के पिता का नाम था :

(A) वसुसेन

(B) अश्वसेन

(C) गन्धर्वसेन

(D) समीरसेन

36. 'पद्मावत' की भाषा है :

(A) साहित्यिक अवधी

(B) बोलचाल की अवधी

(C) राजस्थानी

(D) मगही

37. पद्मावती किस द्वीप की राजकुमारी थी ?

(A) कुश द्वीप

(B) सिंहल द्वीप

(C) लंक द्वीप

(D) जम्बू द्वीप

38. जायसी के गुरू का नाम था :

(A) शहाबुद्दीन

(B) मुहीउद्दीन

(C) अलाउद्दीन

(D) बहीउद्दीन

39. रत्नसेन की दूसरी रानी का नाम था :

(A) पद्मावती

(B) नागमती

(C) राजमती

(D) ज्ञानवती

40. रीतिकाल के प्रथम आचार्य हैं :

(A) घनानंद

(B) बिहारी

(C) पद्माकर

(D) केशव

41. केशव द्वारा रचित काव्य ग्रन्थ है :

(A) जहाँगीर जस चन्द्रिका

(B) यशोधरा

(C) चुभते चौपदे

(D) शिवराज भूषण

42. रामचन्द्रिका में काण्ड की संख्या है :

(A) पाँच

(B) सात

(C) नौ

(D) दस

43. घनानन्द का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रन्थ है :

(A) प्रेम सरोवर

(B) सुजान हित

(C) सुजान सागर

(D) इश्कलता

44. सुजान घनानंद की कौन थी ?

(A) राजकुमारी

(B) प्रेयसी

(C) दासी

(D) रानी

45. घनानंद की रचना नहीं है :

(A) सुजान हित

(B) सुजान विनोद

(C) कीर्तिलता

(D) इश्कलता

46. घनानंद किस काल के कवि हैं ?

(A) भक्तिकाल

(B) आदिकाल

(C) आधुनिक काल

(D) रीतिकाल

47. घनानंद की काव्य भाषा है :

(A) राजस्थानी

(B) अवधी

(C) पंजाबी

(D) ब्रजभाषा

48. विद्यापति किस काल के कवि हैं ?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

49. विद्यापति पदावली की रचना किस भाषा में हुई है?

(A) मैथिली

(B) भोजपुरी

(C) मगही

(D) अवधी

50. बिहारी किस प्रकार के कवि हैं ?

(A) रीतिबद्ध

(B) रीतिसिद्ध

(C) रीतिमुक्त

(D) इनमें से कोई नहीं

51. 'मेरी भव बाधा हरो राधा नागरि सोय' किसकी पंक्ति है ?

(A) विद्यापति

(B) बिहारीलाल

(C) सूरदास

(D) तुलसीदास

52. बिहारी सतसई में कुल कितने दोहे हैं ?

(A) 710

(B) 713

(C) 717

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

53. छायावाद के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(B) महादेवी वर्मा

(C) सुमित्रानन्दन पंत

(D) जयशंकर प्रसाद

54. जयशंकर प्रसाद किस युग के कवि हैं ?

(A) प्रगतिवाद

(B) प्रयोगवाद

(C) छायावाद

(D) द्विवेदी युग

55. जयशंकर प्रसाद का जन्म हुआ था :

(A) सन् 1895 ई. में

(B) सन् 1889 ई. में

(C) सन् 1885 ई. में

(D) सन् 1890 ई. में

56. जयशंकर प्रसाद का जन्म स्थान है :

(A) प्रयाग

(B) वाराणसी

(C) कानपुर

(D) अयोध्या

57. निरालाजी की प्रथम कविता कौन है ?

(A) तुम और मैं

(B) जूही की कली

(C) संध्या सुन्दरी

(D) बादल राग

58. 'राम की शक्ति पूजा' में किसकी उपासना की गई है ?

(A) सरस्वती

(B) सीता

(C) दुर्गा

(D) लक्ष्मी

59. महाप्राण की संज्ञा से विभूषित हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) सुमित्रानन्दन पंत

(C) अज्ञेय

(D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

60. 'राम की शक्ति पूजा' का प्रेरणा स्रोत क्या है ?

(A) वाल्मीकि रामायण

(B) रामचरितमानस

(C) भक्तमाल

(D) देवी भागवत

61. हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ शोकगीत है :

(A) राम की शक्ति पूजा

(B) परिमल

(C) सरोज स्मृति

(D) कुकुरमुत्ता

62. निराला की मृत्यु कब हुई ?

(A) 1960 ई.

(B) 1961 ई.

(C) 1962 ई.

(D) 1965 ई.

63. विद्रोही कवि के रूप में विख्यात हैं :

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) सुमित्रानन्दन पंत

64. सुमित्रानन्दन पंत किस युग के कवि हैं ?

(A) द्विवेदी युग

(B) भारतेन्दु युग

(C) प्रयोगवाद

(D) छायावाद

65. सुमित्रानन्दन पंत का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) गढ़वाल

(B) नैनीताल

(C) शिमला

(D) अल्मोड़ा

66. महादेवी वर्मा का जन्म किस सन् में हुआ था ?

(A) 1905 ई.

(B) 1907 ई.

(C) 1909 ई.

(D) 1906 ई.

67. महादेवी वर्मा का जन्म किस जनपद में हुआ था ?

(A) इलाहाबाद

(B) फर्रूखाबाद

(C) फिरोजाबाद

(D) मथुरा

68. भ्रमर गीत परम्परा का मूल उद्‌गम स्थान क्या है ?

(A) ॠग्वेद

(B) महाभारत

(C) पद्‌मपुराण

(D) श्रीमद्‌भागवत

69. भ्रमरगीत, सूरसागर के किस स्कन्ध का अंश है ?

(A) नवम् स्कन्ध

(B) एकादश स्कन्ध

(C) दशम् स्कन्ध (उत्तरार्ध)

(D) द्वादश स्कन्ध

70. तुलसीदास की जन्मतिथि है :

(A) श्रावण शुक्ल पंचमी

(B) श्रावण शुक्ल सप्तमी

(C) श्रावण शुक्ल नवमी

(D) श्रावण शुक्ल अष्टमी

71. तुलसी की पत्नी का नाम था :

(A) रत्नावली

(B) गीतावली

(C) कुसुमावली

(D) कवितावली

72. तुलसीदास के गुरू का नाम था :

(A) रामानुजाचार्य

(B) नरहरिदास

(C) रामानन्द

(D) निम्बार्काचार्य

73. ‘रामचरितमानस’ की भाषा है :

(A) ब्रज

(B) अवधी

(C) खड़ी बोली

(D) ब्रजमिश्रित

74. तुलसीदास की मृत्युतिथि है :

(A) सन् 1680

(B) सन् 1690

(C) सन् 1671

(D) सन् 1659

75. ‘नदी के द्वीप’ किस कवि की रचना है ?

(A) अज्ञेय

(B) निराला

(C) पंत

(D) दिनकर

76. प्रयोगवाद के प्रवर्तक कवि हैं :

(A) नागार्जुन

(B) मुक्तिबोध

(C) अज्ञेय

(D) त्रिलोचन शर्मा

77. ‘तारसप्तक’ के सम्पादक हैं :

(A) दिनकर

(B) नागार्जुन

(C) बच्चन

(D) अज्ञेय

78. तारसप्तक का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1943 ई.

(B) 1951 ई.

(C) 1959 ई.

(D) 1960 ई.

79. अज्ञेयजी को किस काव्य रचना पर ‘साहित्य अकादमी पुरस्कार’ मिला ?

(A) आँगन के पार द्वार

(B) इन्द्रधनुष रौंदे हुए थे

(C) हरी घास पर क्षण भर

(D) भन्नदूतं

80. अज्ञेय का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(A) 1901 ई. इलाहाबाद

(B) 1911 ई. देवरिया

(C) 1905 ई. आजमगढ़

(D) 1900 ई. बिहार

81. अज्ञेय की मृत्यु कब हुई ?

(A) 1987 ई.

(B) 1984 ई.

(C) 1980 ई.

(D) 1994 ई.

82. 'अंधेरे में' के रचनाकार हैं :

(A) मुक्तिबोध

(B) कुंवर नारायण

(C) नागार्जुन

(D) रामविलास शर्मा

83. कौन-सा कवि फैंटेसी के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) जैनेन्द्र

(B) मुक्तिबोध

(C) अज्ञेय

(D) निराला

84. मुक्तिबोध का पूरा नाम था :

(A) गजानन माधव

(B) चिंतामणि माधव

(C) सच्चिदानंद हीरानंद

(D) भारत भूषण

85. मुक्तिबोध की मृत्यु कब हुई ?

(A) 1994 ई.

(B) 1964 ई.

(C) 1984 ई.

(D) 1970 ई.

86. नागार्जुन का वास्तविक नाम है :

(A) प्रताप नारायण

(B) बैद्यनाथ मिश्र

(C) उग्र

(D) दिनकर

87. नागार्जुन किस धारा के कवि हैं ?

(A) छायावादी

(B) प्रगतिवादी

(C) प्रयोगवादी

(D) अलंकारवादी

88. 'भस्मांकुर' किसकी रचना है ?

(A) मुक्तिबोध

(B) नागार्जुन

(C) अज्ञेय

(D) केदारनाथ

89. प्रगतिवाद का 'शलाका' पुरुष प्रधान किसे कहा जाता है ?

(A) नागार्जुन

(B) अज्ञेय

(C) मुक्तिबोध

(D) त्रिलोचन

90. नागार्जुन का जन्म हुआ :

(A) 1911 ई. में

(B) 1918 ई. में

(C) 1921 ई. में

(D) 1919 ई. में

91. नागार्जुन को 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला :

(A) सन् 1968 ई. में

(B) सन् 1960 ई. में

(C) सन् 1917 ई. में

(D) सन् 1967 ई. में

92. 'संसद से सड़क तक' काव्य संकलन किसका है ?

(A) धूमिल

(B) मुक्तिबोध

(C) निराला

(D) पंत

93. 'मोचीराम' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) धूमिल

(B) मुक्तिबोध

(C) केदारनाथ सिंह

(D) दिनकर

94. 'रोटी और संसद' कविता किसकी है ?

(A) धूमिल

(B) महादेवी वर्मा

(C) नागार्जुन

(D) अज्ञेय

95. धूमिल का वास्तविक नाम क्या है ?

(A) वासुदेव सिंह

(B) बैद्यनाथ मिश्र

(C) सुदामा पांडे

(D) इनमें से कोई नहीं

96. 'गीत फरोश' कविता किसकी है ?

(A) भवानी प्रसाद मिश्र

(B) नागार्जुन

(C) निराला

(D) दिनकर

97. भवानी प्रसाद मिश्र किस धारा के कवि हैं ?

(A) प्रगतिवाद

(B) प्रयोगवाद

(C) छायावाद

(D) नवगीत

98. 'मैं तूफानों में चलने का आदी हूँ' कविता किसकी है ?

(A) भवानी प्रसाद मिश्र

(B) शंभूनाथ सिंह

(C) हरिशंकर तिवारी

(D) गोपालदास नीरज

99. 'हैं नहीं दिखता तिमिर का छोर' कविता किसकी है ?

(A) नागार्जुन

(B) गोपालदास नीरज

(C) धूमिल

(D) अज्ञेय

100. किस काल को 'वीरगाथा' काल नाम से जाना जाता है ?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

5. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

6. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

7. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

8. There will be no negative marking.

9. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

10. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

11. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

5. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

6. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

7. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

8. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

9. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

10. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

11. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**